मांग संख्या 45

मुख्य शीर्ष 2702

मद कमांक 1

नलकूप स्थापना पर अनुदान योजनांतर्गत राशि रूपये 100.00 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है । यह राशि अन्य मद से समर्पित कर लायी जावेगी ।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 1,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 2

शाकम्भरी योजना के क्रियान्वयन हेतु राशि रूपये 100.00 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है । यह राशि अन्य मद से समर्पित कर लायी जावेगी ।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 1,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 3

जल संसाधन विभाग की लघु सिंचाई योजनाओं के मरम्मत कार्य हेतु मजदूरी के भुगतान पर अतिरिक्त राशि रूपये 247.10 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु रूपये 2,47,10,000 लाख के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मुख्य शीर्ष 4702

मद कमांक 4 से 5

जिला जांजगीर-चांपा में महानदी पर बसंतपुर बैराज योजना तथा मिरौनी बैराज योजना, हसदेव नदी पर अमझर एनीकट-कम-कॉजबे योजना बैराज योजना के निर्माण हेतु रूपये 300 का प्रतीक आकस्मिकता निधि अग्रिम स्वीकृत किया गया है । इन कार्यो पर इस वर्ष रूपये 300.00 लाख का व्यय होना संभावित है। यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा ।

अतः आकस्मिकता निधि अग्रिम के समायोजन हेतु रूपये 300 के प्रतीक अनुदान की आवश्यकता है ।